प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 26.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए राज्य सरकार ने प्रयास बढ़ाये–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आमजन से भी सहयोग की अपील की।
- लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों तथा जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ की बैठक।
- प्रदेश में लम्पी स्किन रोग की रोकथाम और नियंत्रण के लिए गौ वंशीय पशुओं में गॉट पॉक्स वैक्सीन लगाने का कार्यक्रम शुरू।

 और
- आईपीएल क्रिकेट का फाइनल मुकाबला आज–कोलकाता नाइटराइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमे होंगी आमने सामने।

00000

प्रदेशभर में पड रही भीषण गर्मी के दौरान आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने प्रयास और बढ़ा दिये है। पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए भी सभी कदम उठाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अधिकारियों से युद्ध स्तर पर काम करने और जनता को राहत पहुंचाने के लिए कहा हैं। मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील की है कि पशु पक्षियों को बचाने के लिए पानी चारे की व्यवस्था में सरकार का सहयोग करें। उन्होने कहा कि राज्य सरकार हीटवेव की स्थिति को देखते हुए बिजली पानी सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

.....

मुख्यमंत्री के निर्देश पर गर्मी से बचाव के लिए जिला प्रशासन और नगर निकायो की और से आवश्यक इंतजाम किए जा रहे है। हमारे बीकानेर संवाददाता ने बताया कि जिला प्रशासन के साथ नगर निगम ने मुख्य बाजारों, बस स्टेण्ड और सार्वजनिक स्थानों पर टेंट लगाकर छाया की व्यवस्था की है। महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने बताया कि शहर की रोड़ों पर पानी का छिडकाव किया जा रहा है।

......

सरहदी जिले बाडमेर में भी पड रही भीषण गर्मी और लू के हालात के मद्देनजर नगर परिषद की ओर से प्रमुख स्थानों पर टेंट लगाये गये है और ठण्डे पानी की व्यवस्था की गई है। पशु पक्षियों के लिए परिंडे और खेलियां भी लगाई गई है। पाली के सरकारी अस्पतालों में जिला प्रशासन की ओर से कूलर लगाये गये है। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि मरीजों की सहुलियत के लिए चिकित्सा प्रभारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दिए गए है। कृषि विभाग ने तेज गर्मी को देखते हुए किसानों से जायद और नरमा कपास की फसलों को बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। कृषि विज्ञान केन्द्र ने मुर्गी पालको को भी गर्मी को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करने की सलाह दी है। इस बीच राज्यभर में कल भी भीषण गर्मी और लू के हालात बने रहे। पश्चिमी जिलों में दिन का तापमान 50 डिग्री के आस–पास पहुंचने से जनजीवन पर व्यापक असर पडा हैं। सरहदी जिले जैसलमेर में दिन के साथ ही रात में भी लू के हालात बने हुए है। हनुमानगढ में दिन के वक्त कर्फ्यू सा माहौल दिखाई दे रहा है। हाडौती क्षेत्र के जिलों में भी तेज गर्मी ने लोगों की दिक्कतें बढा दी है। कल फालौदी में अधिकतम तापमान 50 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। वहीं बाडमेर में 48 दशमलव 8 और जैलसमेर में पारा 48 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम विभाग ने बताया कि आगामी कुछ दिनों में गर्मी के मौजूदा दौर से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। दूसरी ओर राज्य सरकार ने हीटवेव प्रबंधन में लापरवाही के आरोप में 12 चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। चिकत्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि सभी चिकित्सा संस्थानों में हीटवेव को देखते हुए आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित किये गये है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने भी कार्य में लापरवाही के आरोप में दो सहायक अभियंताओं को निलंबित कर दिया है। विभाग ने पेयजल प्रबंधन में शिकायतों और ट्यूबवेल तथा हैडपंप ड्रिलिंग के काम में लापरवाही के आरोप में ये कार्यवाही की। विभाग ने शिकायतों का समय पर निस्तारण नहीं करने पर एक अधीक्षण अभियंता और तीन अधिशाषी अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

00000

लोकसभा आम चुनाव में महज एक चरण का मतदान शेष रहते अब मतणगना को लेकर तैयारियां जोरो पर है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कल राजनैतिक दलों के साथ बैठक की। श्री गुप्ता ने आगामी 4 जून को होने वाले मतगणना के संबंध में दलों से 31

मई तक नामित एजेंटों की सूचियां, विभाग को उपलब्ध कराने को कहा। श्री गुप्ता ने 25 लोकसभा सीटों के साथ बागीदौरा विधान सभा उप चुनाव के मतों की गिनती की प्रक्रिया और मतगणना केन्द्रों में व्यवस्था के संबंध में भी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए सभी 29 मतगणना केन्द्रों पर गर्मी से बचाव के सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना स्थलों पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति, कूलर, एसी की व्यवस्था, पीने के पानी की उपलब्धता के साथ मीडिया सेंटर में भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना की वीडियोग्राफी और सीसीटीवी कवरेज करवाने और वोटों की गिनती की सीसीटीवी कवरेज नामित प्रतिनिधियों को दिखाने के लिए टीवी मोनिटर की व्यवस्था करने को कहा। श्री गुप्ता ने 4 जून को राज्य में सूखा दिवस रखने और अफवाहों को रोकने तथा मतगणना के बाद जुलुस, वाहन रैली जैसे आयोजनों पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए।

00000

प्रदेश में लम्पी स्किन रोग की रोकथाम और नियंत्रण के लिए गौ वंशीय पशुओं में गॉट पॉक्स वैक्सीन लगाने के लिए कार्यक्रम शुरू किया गया है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. दिनेशचन्द्र बामनिया ने बताया कि मानसून से पहले लम्पी बीमारी से पशुओं को बचाने के लिए टीकाकरण कार्यक्रम पूरा किया जायेगा, जिससे पशुओं में ''हर्ड इम्यूनिटी'' प्राप्त की जा सकेगी। उन्होंने पशुपालकों को सलाह दी है कि वे 4 महीने से अधिक के स्वस्थ गौ वंषीय पशुओं का टीकाकरण करवा ले। उन्होंने गांवों में शत–प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य हांसिल करने के लिए पंचायतों से आवश्यक सहयोग देने को कहा। पशुओं के टीकाकरण रजिस्टर बनाने और पशुपालकों के आधार और जनआधार कार्ड के जरिये डेटा संकलित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि दो वर्ष पूर्व इस संक्रामक बीमारी से राज्यभर में बडी संख्या में गौवंश वंशीय पशुओं की मृत्यु हो गई थी।

00000

अजमेर की आनासागर झील को जल कुम्भी से बचाने के लिए जिला प्रशासन के साथ स्थानीय लोग लगातार प्रयास कर रहे है। झील में जलकुम्भी का दायरा अब महज 16 प्रतिशत रह गया है। हमारी संवाददाता ने बताया कि 20 मार्च से शुरू हुए जलकुम्भी हटाने के अभियान में अब तक 11 हजार डम्परों से अधिक जलकुम्भी निकाली गई है। इससे झील में ऑक्सीजन का स्तर बढा है और जलीय जीवों को राहत मिली है।

0000

आईपीएल क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में आज सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाईटराइडर्स के बीच खिताबी भिडंत होगी। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होने वाले मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में उल्लास का माहौल है। दोनो टीमों के बीच अब तक खेले गये 27 मुकाबलों में से 18 में कोलकाता ने और 9 में हैदराबाद की टीम ने जीत हांसिल की है। कोलकाता नाईटराईडर्स 17 सीजनों में से 3 बार फाइनल में पहुंची है और दो बार खिताब जीता है, जबकि सन राईजर्स हैदराबाद एक बार विजेता रही।

0000